# हकेंवि में पीएच.डी. के दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 दिसम्बर तक बढ़ी

महेंद्रगढ़, 27 नवम्बर (परमजीत, स.ह.): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में विभिन्न विभागों में उपलब्ध पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए जारी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अब 5 दिसम्बर, 2021 तक चलेगी। विश्वविद्यालय ने आवेदन की अंतिम तिथि 29 नवम्बर से बढ़ाकर 5 दिसम्बर कर दी है, जिसके अनुसार आवेदक आगामी 5 दिसम्बर तक विश्वविद्यालय के विभिन्न 8 पीठों के 25 विभागों में उपलब्ध पीएच.डी. पाठ्यक्रम की सीटों पर आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदन के इच्छुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा की ओर से जारी आदेश के अनुसार पीएच.डी. पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में ही ली जाएगी। प्रवेश परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम यू.जी.सी.-सी.एस.आई.आर. नैट के अनुसार होगा। एम.सी.क्यू. प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रो. सारिका शर्मा ने कहा कि पीएच.डी. में दाखिले हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश व आवेदन से जुड़ी अन्य जानकारी के लिए आवेदक विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं।



महेंद्रगढ़। संविधान की उद्देशिका का पाठ करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# अधिकारों के साथ कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक रहें: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- हकेंविवि में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 72वें संविधान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मौके पर विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संविधान का महत्त्व बताते इसकी उद्देशिका पर प्रकाश डाला। संबोधन में संविधान की उद्देशिका को इसकी आत्मा बताया और विद्यार्थियों सहित सभी सहभागियों को संविधान में प्रदान किए अधिकारों के साथ-साथ कर्त्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। विवि में कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर हुई। इसके पश्चात विवि के प्रो. मूलचंद सभागार में संसद भवन से प्रसारित कार्यक्रम कुलपति सहित विवि समुदाय ने देखा और माननीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ संविधान की उद्देशिका का पाठ किया। विवि के कुलपति टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान बेहद परिश्रम व दूरगामी सोच के साथ तैयार किया है। यह भारतीय नागरिकों को जहां मौलिक अधिकार प्रदान करता है, वहीं राष्ट्र व समाज के प्रति उनके कर्त्तव्यों से भी अवगत कराता है। वीसी ने कहा कि संसद भवन से प्रसारित कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व पीएम मोदी का संबोधन हम सभी के लिए अनुसरणीय है ।

# हरियाणा केंद्रीय विवि में संस्कृत संभाषण शिविर आयोजित

**महेंद्रगढ़।** संस्कृत को जनभाषा बनाने के उद्देश्य से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग एवं योग विभाग ने मिलकर संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया। विवि के कुलपति प्रो टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा से आयोजित कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा में वातार्लाप करने के विशिष्ट कौशल सरल माध्यम से सिखाये जा रहे हैं। हकेंवि के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणवीर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के महत्त्व से अवगत कराया। उन्होंने संस्कृत वांग्मय में विद्यमान विविध ज्ञान विज्ञान और उसके वैशिष्ट्य पर प्रकाश डाला। संस्कृत-भारती के प्रांत मंत्री डा. जोगेंद्र ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए कटिबद्ध संस्कृत-भारती का संकल्प है कि संस्कृत भाषा को पुनः जनभाषा बनाएं।

# 'संस्कृत का अहम महत्व है'

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** संस्कृत को जनभाषा बनाने के उद्देश्य से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के संस्कृत विभाग एवं योग विभाग द्वारा संस्कृत भारती हरियाणा के महेंद्रगढ़ जनपद के साथ मिलकर संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा से आयोजित इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा में वार्तालाप करने के विशिष्ट कौशल सरल माध्यम से सिखाये जा रहे हैं।



हकेंविवि में संस्कृत संभाषण शिविर को संबोधित करते प्रो. रणवीर • हकेंविवि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणवीर सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने संस्कृत वांग्मय में विद्यमान विविध ज्ञान विज्ञान पर प्रकाश डाला। संस्कृत-भारती के प्रांत मंत्री डा. जोगेंद्र ने आनलाइन संबोधन में कहा कि संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए कटिबद्ध संस्कृत-भारती का संकल्प है कि संस्कृत भाषा को पुनः जनभाषा बनाएं, प्रत्येक व्यक्ति के मुख पर संस्कृत भाषा हो। इसी क्रम में संस्कृत भारती के प्रांत सहमंत्री आचार्य प्रमोद शास्त्री ने राष्ट्र और राष्ट्रीयता की आत्मा संस्कृत को बताते हुए संस्कृत और संस्कृति के महत्त्व से अवगत कराया। डा. दिनेश कुमार यादव ने कहा कि संस्कृत भाषा के माध्यम से ही हमारी संस्कृति का संरक्षण किया जा सकता है। संस्कृत भाषा केवल मातृभाषा ही नहीं अपितु ज्ञान और विज्ञान का संपूर्ण भंडार भी है।

# मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता में अनमोल प्रथम




पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान पुरस्कार ग्रहण करता हकेंविवि का स्वयंसेवक अनमोल रतन (सबसे दाएं) ● जागरण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** उच्चतर शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस के राज्यस्तरीय शिविर का आयोजन चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी में किया गया। इस शिविर में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के विद्यार्थी अनमोल रतन ने मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एवं स्किट प्ले प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार भी हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर दिनेश गुप्ता, उप छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. मोनिका एवं डा. आनंद शर्मा ने भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के समन्वयक डा. दिनेश चहल ने बताया कि इस राज्यस्तरीय शिविर का आयोजन चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी में 16 से 22 नवंबर तक किया गया। जिसमें हरियाणा के अलग-अलग विश्वविद्यालयों से 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# हकेवि के दो विद्यार्थियों को मिला जेनोनस्टैक में प्लेसमेंट





राष्ट्रीय खबर ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास के भी भरपूर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप एम.एससी. गणित के छात्र राहुल एन और एम.एससी. सांख्यिकी की छात्रा शगुन सचदेवा को जेनोनस्टैक कम्पनी द्वारा प्लेसमेंट प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दोनों ही विद्यार्थियों को मिले इस अवसर के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के माध्यम से निरंतर विद्यार्थियों के कौशल विकास व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासरत है।

सेंटर के इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार मिल रहा है। विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों राहुल एन व शगुन सचदेवा को इस कम्पनी ने प्लेसमेंट प्रदान की है। कम्पनी की ओर से प्रारम्भिक पैकेज 5.5 लाख रूपये वार्षिक है जो कि प्रोबेशन के बाद 6.5 लाख रूपये हो जाएगा।

हरिभूमि
रोहतक -महेन्द्रगढ़
23 Nov 2021

# हकेंवि के 2 विद्यार्थियों को मिला जेनोनस्टैक में प्लेसमैंट

महेंद्रगढ़, 22 नवम्बर (परमजीत/स.ह.): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास के भी भरपूर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप एम.एससी. गणित के छात्र राहुल एन. और एम.एससी. सांख्यिकी की छात्रा शगुन सचदेवा को जेनोनस्टैक कम्पनी द्वारा प्लेसमैंट प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दोनों ही विद्यार्थियों को मिले इस अवसर के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



*छात्रा शगुन सचदेव व छात्र राहुल एन.।*

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैंटर के माध्यम से निरंतर विद्यार्थियों के कौशल विकास व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासरत है। सैंटर के इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार मिल रहा है। विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैंटर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय के 2 विद्यार्थियों राहुल एन. व शगुन सचदेवा को इस कम्पनी ने प्लेसमैंट प्रदान की है। कम्पनी की ओर से प्रारम्भिक पैकेज 5.5 लाख रुपए वार्षिक है जो कि प्रोबेशन के बाद 6.5 लाख रुपए हो जाएगा।

# हकेंवि के स्वयंसेवक विभिन्न विश्वविद्यालयों में आयोजित शिविरों में ले रहे प्रशिक्षण

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्वयंसेवक प्रदेश के प्रमुख विश्वविद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में प्रतिभागिता कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वयंसेवकों को इन शिविरों के माध्यम से मिलने वाले अनुभव व व्यावहारिक प्रशिक्षण को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि अवश्य ही इसका लाभ स्वयंसेवक समाज हितैषी कायोर्ं में उठाएंगे। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल ने बताया कि एनएसएस स्वयंसेवक पुष्पा और शिवम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में, साई गणेश महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में, अनमोल, हितेश, घनश्याम और मोहित सीबीएलयू भिवानी में, अर्पित, अमृत, हिमांशु और अविनाश गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार में हिस्सा ले रहे हैं। एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनु यादव ने बताया कि इन शिविरों में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित स्वंयसेवी प्रतिभागिता कर रहे हैं। इनके माध्यम से प्रतिभागी स्वंयसेवी अपने-अपने राज्यों के लोक संस्कृति से अवगत होंगे और हरियाणा के चयनित स्वंयसेवी हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# हकेंवि में सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंटरनेट ऑफ थिंग्स विषय पर केंद्रित ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 683 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया।

# हकेंवि के स्वयंसेवक विवि के शिविरों में ले रहे प्रशिक्षण : कुलपति

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत आने वाले विभिन्न स्वयंसेवक प्रदेश के प्रमुख विश्वविद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में प्रतिभागिता कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वयंसेवकों को इन शिविरों के माध्यम से मिलने वाले अनुभव, व्यावहारिक प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि अवश्य ही इसका लाभ स्वयंसेवक समाज हितैषी कार्यों में उठाएंगे।

विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल ने बताया कि स्वयंसेवक पुष्पा और शिवम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में, साई गणेश महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, अनमोल, हितेश, घनश्याम और मोहित सीबीएलयू भिवानी, अर्पित, अमृत, हिमांशु और अविनाश गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार में हिस्सा ले रहे हैं।

एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनु यादव ने बताया कि इन शिविरों में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं। इनके माध्यम से स्वयंसेवी अपने-अपने राज्यों की लोक संस्कृति से अवगत करवाएंगे। हरियाणा के चयनित स्वयंसेवी हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। भूगोल विभाग की छात्रा पुष्पा का प्री आरडी परेड के लिए भी चयन हुआ है। संवाद

# कार्यशाला में संचार प्रोटोकॉल व सुरक्षा उपायों की दी जानकारी

**हकेवि में कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए किया गया ऑनलाइन आयोजन**

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ के कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंटरनेट ऑफ थिंग्स विषय पर केंद्रित ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 683 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में लर्न एंड बिल्ड के अधिकारी सौरभ भारद्वाज ने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। विभाग के प्रभारी डॉ. राकेश कुमार ने विषय परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर के मार्गदर्शन से संभव हुआ है। इसके पश्चात विभाग के सहायक आचार्य व कार्यशाला के संयोजक डॉ. सूरज आर्य ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। विशेषज्ञ वक्ता ने पहले दिन इंटरनेट ऑफ थिंग्स की एप्लिकेशन संरचना के विषय में जानकारी दी। सात दिवसीय इस ऑनलाइन कार्यशाला में रैस्बेरी पाई का परिचय, इंस्टालेशन और नेटवर्किंग, पायथन प्रोग्रामिंग, रैस्बेरी पाई के लिए पायथन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स स्मार्ट डिवाइस, संचार प्रोटोकॉल और सुरक्षा उपाय, नेटवर्क, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (एज, फॉग और क्लाउड कंप्यूटिंग) के लिए, रैस्बेरी पाई के साथ एक सेंसर का इंटर फेसिंग पायथन का उपयोग करना, मिनी प्रोजेक्ट-2 के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स एप्लिकेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स उत्पादों का विकास - जीवन उद्योग उपयोग के मामले, परियोजना-आवाज नियंत्रित होम ऑटोमेशन - नियंत्रित करना गूगल असिस्टेन्ट, मोबाइल, प्रौद्योगिकी डोमेन आदि पर विस्तार से चर्चा हुई। अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में संयोजक डॉ. सूरज आर्य ने विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार, प्रभारी डॉ, राकेश कुमार व विशेषज्ञ सौरभ भारद्वाज का सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

पंजाब केसरी
FRI,19 NOVEMBER 2021
EDITION: REWARI KESARI, PAGE NO. 4

रसालग अडर-14 इशिका व    निरतर सघष करना सिखात ह।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लिया एन.सी.यू.आई. हाट में हिस्सा



हकेंवि के शिक्षक व विद्यार्थी केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा व भारा सहकारी संघ के अध्यक्ष दिलिप संघाणी के साथ।

महेंद्रगढ़, 18 नवम्बर (स.ह., परमजीत): भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एन.सी.यू.आई.) के 68वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह एवं एन.सी.यू.आई. हाट में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करने से विद्यार्थियों को सहकारी क्षेत्र में कार्यरत उद्यमों और उनकी कार्यप्रणाली को जानने-समझने का अवसर मिलता है। इस आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों से आए सहकारी संगठनों की प्रदर्शनियां लगाई गईं।

डा. सुनीता तंवर ने बताया कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से एन.सी.यू.आई. देश के विभिन्न हिस्सों से आए सहकारी संस्थानों को एक छत के नीचे लाने का कार्य करती है, जिससे अधिक से अधिक लोग सहकारी संस्थानों की कार्यप्रणाली व उनके उत्पादों के बारे में जान सकें। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के 68वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह एवं एन.सी.यू.आई. हाट में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बी.टैक., बी.वॉक. एवं प्रबंधन अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों व शोधार्थियों सहित प्रबंधन अध्ययन विभाग की सहायक आचार्य डा. सुनीता तंवर, डा. निशान सिंह, डा. अरविंद सिंह तेजावत व सुनील अग्रवाल ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

पंजाब केसरी
FRI, 19 NOVEMBER 2021
EDITION: REWARI KESARI, PAGE NO. 4

# शिक्षा के क्षेत्र में स्वतंत्रता की पोषक है राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः प्रो. टंकेश्वर कुमार

## 2 दिवसीय विभागीय प्रस्तुतिकरण का हुआ समापन

महेंद्रगढ़, 18 नवम्बर (परमजीत, स.ह.): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित विभिन्न विभागों की वार्षिक उपलब्धियों के प्रस्तुतिकरण पर केन्द्रित 2 दिवसीय वार्षिक विभागीय प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। विश्वविद्यालय के कुलपति टंकेश्वर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस विभागीय प्रस्तुतिकरण के दूसरे दिन कुलपति ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था के विकास में अध्ययन-अध्यापन, शोध व नवाचार के मोर्चे पर शिक्षकों का स्वतंत्रता के साथ कार्य करना बेहद जरूरी है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह नीति केवल उच्च शिक्षा ही नहीं बल्कि स्कूली शिक्षा के स्तर पर भी किताबी ज्ञान के साथ तकनीकी प्रशिक्षण, व्यावसायिक अनुभव व कौशल विकास की आवश्यकताओं को पूरा करती है जोकि आधुनिक समय में किसी भी देश की युवा शक्ति के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विशेषज्ञ के रूप में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से प्रो. कमलानंद झा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्रो. पवन कुमार शर्मा व प्रो. राजपाल उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत शिक्षकों को मिलने वाली स्वतंत्रता सदैव ही उल्लेखनीय परिणाम प्रदान करती है। बात चाहे पाठ्यक्रम निर्धारण की हो या फिर उसके अध्ययन के आधार पर मूल्यांकन की। इस दिशा में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह नीति ऐसी शिक्षा व्यवस्था के विकास की पक्षधर है जो कि विद्यार्थियों को रचनात्मक बनाती है और उनमें नवाचार के प्रति रुझान विकसित करती है। कुलपति ने प्रमुख उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस तरह से विदेशों में शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत ही विद्यार्थियों को रोजगार सृजन के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों में रचनात्मकता व विषय की समझ पर भी प्रकाश डाला।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षकों को खुद से ही बेहतर बनने का अवसर प्रदान करता है। इसके माध्यम से वह न सिर्फ अपने साथियों बल्कि अपने प्रदर्शन का आकलन कर पाते हैं और बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया में शामिल विशेषज्ञों ने अपने सुझाव व संशोधनों के माध्यम से शिक्षकों को अवगत कराया। विशेषज्ञों का कहना था कि इस प्रक्रिया से स्व:मूल्यांकन व सामूहिक विमर्श का अवसर मिलता है जो कि उल्लेखनीय परिणामों के लिए आवश्यक है।

आई.क्यू.ए.सी. की निदेशक प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि 2 दिवसीय इस प्रस्तुतिकरण के अंतर्गत विश्वविद्यालय के सभी विभागों के प्रस्तुतिकरण आयोजित हुए। कार्यक्रम के दूसरे दिन विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की हस्त लिखित पुस्तिका निर्माण के नए अंक का भी विमोचन विश्वविद्यालय कुलपति व विशेषज्ञों द्वारा किया गया। प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि विभागीय प्रस्तुतिकरण के अंतिम दिन अंतरविषयी व अनुप्रयुक्त विज्ञान पीठ, विधि पीठ, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ व मौलिक विज्ञान पीठ के विभागों का प्रस्तुतिकरण हुआ।



*हकेंवि में विभागीय प्रस्तुतिकरण के दूसरे दिन अपना संबोधन देते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

हरिभूमि
रोहतक-महेन्द्रगढ़
19 Nov 2021

सुरक्षा प्रदान करना है।

## केविवि के विद्यार्थियों ने लिया एनसीयूआई हाट में हिस्सा

महेंद्रगढ़। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ एनसीयूआई के 68वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह एवं एनसीयूआई हाट में हरियाणा केंद्रीय विवि के छात्रों ने हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करने से छात्रों को सहकारी क्षेत्र में कार्यरत उद्यमों और कार्यप्रणाली को जानने-समझने का अवसर मिलता है।

## स्वतंत्रता की पोषक है

त
रो
द
मु
क
अ
अ

दैनिक भास्कर
महेंद्रगढ़ भास्कर 19-11-2021

# हकेंवि के विद्यार्थियों ने लिया एनसीयूआई हाट में हिस्सा



**महेंद्रगढ़** | भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) के 68वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह एवं एनसीयूआई हाट में हकेंवि), महेंद्रगढ़ के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करने से विद्यार्थियों को सहकारी क्षेत्र में कार्यरत उद्यमों और उनकी कार्यप्रणाली को जानने-समझने का अवसर मिलता है। इस आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों से आए सहकारी संगठनों की प्रदर्शनियां लगाई गई। डॉ. सुनीता तंवर ने बताया कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से एनसीयूआई देश के विभिन्न हिस्सों से आए सहकारी संस्थानों को एक छत के नीचे लाने का कार्य करती है। जिससे अधिक से अधिक लोग सहकारी संस्थानों की कार्यप्रणाली व उनके उत्पादों के बारे में जान सके। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) के 68वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह एवं एनसीयूआई हाट में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बी.टेक., बी.वॉक. एवं प्रबंधन अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों व शोधार्थियों सहित प्रबंधन अध्ययन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. निशान सिंह, डॉ. अरविंद सिंह तेजावत व सुनील अग्रवाल ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को मिला एन.बी.ई.आर. का परीक्षा केंद्र

महेंद्रगढ़, 17 नवम्बर (स.ह., परमजीत): नैशनल इंस्टीच्यूट फॉर इम्पावरमैंट ऑफ पर्सन्स विद मल्टीपल डिसएबिल्टी द्वारा संचालित नैशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन रिहैब्लिटेशन (एन.बी.ई.आर.) की ओर से आयोजित होने वाली विभिन्न पाठ्यक्रमों की सत्रांत परीक्षाओं हेतु हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। यहां बता दें कि बोर्ड द्वारा 22 से 27 नवम्बर तक विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय को बोर्ड द्वारा केंद्रीय स्तर के पर्यवेक्षक की भूमिका प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एन. यादव ने बताया कि विभागीय प्रयासों व विश्वविद्यालय के निर्देशन व मार्गदर्शन से विश्वविद्यालय को यह अवसर प्राप्त हुआ है। इसमें विश्वविद्यालय शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# हकेंवि में 7 दिवसीय जिला स्तरीय एन.एस.एस. शिविर सम्पन्न




*हकेंवि में आयोजित 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के समापन सत्र को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

महेंद्रगढ़, 17 नवम्बर (स.ह., परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) शिविर का बुधवार को समापन हुआ। विश्वविद्यालय में 7 दिन तक चले इस आयोजन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिभागी स्वयंसेवकों को जीवनपर्यंत काम आने वाला अनुभव प्राप्त हुआ होगा। कुलपति ने इस शिविर की सफलता के लिए आयोजकों की भी सराहना की। शिविर के समापन सत्र में राजकीय महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ के स्वयंसेवक निखिल व राजकीय महाविद्यालय, उन्हानी की स्वयंसेवक प्रियंका को बैस्ट स्वयंसेवक से सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय के प्रो. मूलचंद सभागार में आयोजित समापन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफैसर एम.सी. शर्मा उपस्थित रहे और उन्होंने इस अवसर पर स्वयंसेवकों के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि सेवा का यह भाव उन्हें समाज व देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित करता है, इसलिए विद्यार्थी जीवन में एन.एस.एस. आदि से जुड़ना उपयोगी रहता है। जिला स्तरीय शिविर के 7वें दिन की शुरूआत योगाचार्य नीरज आर्य के योगाभ्यास के साथ हुई। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका ने कहा कि युवा देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है और एन.एस.एस. उस युवा को सही दिशा दिखाती है।

कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए एन.एस.एस. इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल ने बताया कि इस शिविर में जिले के 12 महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के लगभग 200 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। उन्होंने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

# हकेंवि को एनबीईआर का परीक्षा केंद्र मिला

**महेंद्रगढ़।** नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर इम्पावरमेंट ऑफ पर्सन्स विद मल्टिपल डिस्एबिल्टी के तहत संचालित नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन रिहैब्लिटेशन एनबीईआर की ओर से आयोजित होने वाली विभिन्न पाठ्यक्रमों की सत्रांत परीक्षाओं हेतु हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है।

# विवि को मिला एनबीईआर का परीक्षा केंद्र

महेंद्रगढ़ : नेशनल इंस्टीट्यूट फार इम्पावरमेंट आफ पर्सन्स विद मल्टिपल डिस्एबिल्टी द्वारा संचालित नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन रिहैब्लिटेशन (एनबीइआर) की ओर से आयोजित होने वाली विभिन्न पाठ्यक्रमों की सत्रांत परीक्षाओं हेतु हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। बोर्ड द्वारा परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय को बोर्ड द्वारा केंद्रीय स्तर के पर्यवेक्षक की भूमिका प्रदान की गई है। (संस)

# शिविर में 200 स्वयं सेवकों ने लिया हिस्सा

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का बुधवार को समापन हुआ। विश्वविद्यालय में सात दिन तक चले इस आयोजन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिभागी स्वयंसेवको को जीवनपर्यंत काम आने वाला अनुभव प्राप्त हुआ होगा। शिविर के समापन सत्र में राजकीय महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ के स्वयंसेवक निखिल व राजकीय महाविद्यालय, उन्हानी की स्वयंसेवक प्रियंका को बेस्ट स्वयंसेवक से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक डा. दिनेश चहल ने बताया कि जिले के 12 महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के लगभग 200 स्वयंसेवक ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के प्रो. मूलचंद सभागार में आयोजित समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर एमसी शर्मा उपस्थित रहे और उन्होंने इस अवसर पर स्वयंसेवकों के योगदान को सराहा। सेवा का यह भाव उन्हें समाज व देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित करता है। शिविर की शुरुआत योगाचार्य नीरज आर्य के योगाभ्यास के साथ हुई।

## बेहतर लोग तैयार करना एनएसएस का उद्देश्य

एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय में युवा अधिकारी मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए बेहतर नागरिक तैयार करना एनएसएस का प्रमुख उद्देश्य है। राज्य एनएसएस अधिकारी डा. भगत सिंह ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से हम समाज एवं राष्ट्र के लिए सामाजिक विकास के सहभागी बनते हैं इसके साथ ही हमें समाज से जुड़ने के अवसर मिलते हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर सारिका ने कहा कि युवा देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है और एनएसएस उस युवा को सही दिशा दिखाता है।

# रक्षा का क्षेत्र में रोजगार के साथ प्रदान करता है देश सेवा का अवसर भी : प्रो. टंकेश्वर कुमार

**हकेवि में जिला स्तरीय 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन प्रतिभागियों को किया संबोधित**

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो




**चंडीगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के छठे दिन प्रतिभागियों को रक्षा के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से अवगत कराया गया। इस मौके पर विशेषज्ञ वक्ता के रूप में एनसीसी तीन पंजाब एयर दस्ते के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन राजेश शर्मा व एनसीसी दो पीवी गुड्डा भटिंडा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीवी नेहरा उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्षा के क्षेत्र में रोजगार प्रतिष्ठित व सम्मानित विकल्प है। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा जो कि उत्साह, साहस व चुनौतियों से भरपूर रोजगार पाने की इच्छा रखते हैं, उनके लिए रक्षा का क्षेत्र सर्वोत्तम विकल्प है। कुलपति ने कहा कि रक्षा का क्षेत्र रोजगार के साथ देश सेवा का अवसर भी प्रदान करता है।

विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय शिविर के छठे दिन की शुरूआत योगाभ्यास के साथ हुई। योगाचार्य नीरज आर्य ने सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया। इसके प्रतिभागियों ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेन्टर के माध्यम से आयोजित रक्षा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर केंद्रित वेबिनार में हिस्सा लिया। वेबिनार में विशेषज्ञ वक्ता ग्रुप कैप्टन राजेश शर्मा ने स्वयंसेवको को रक्षा क्षेत्र में रोजगार के विकल्पों और उससे जुड़ी निर्धारित चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने सम्बोधन में प्रतिभागियों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में कर्नल डी.वी. नेहरा ने कहा कि सशस्त्र सेनाओं में भर्ती स्वैच्छिक है एवं इसमें भारत के सभी नागरिक आवेदन कर सकते हैं बशर्ते कि वे शारीरिक, चिकित्सीय एवं शैक्षिक मानदंडों को पूरा करते हों। दोनों ही विशेषज्ञों ने रक्षा क्षेत्र में रोजगार की चयन प्रक्रिया में आने वाली परेशानियों के बारे में स्वयंसेवको के साथ चर्चा की तथा उनकी शंकाओं का निदान किया।

इसके पश्चात आयोजन के दूसरे चरण में जिला रेड क्रॉस सोसायटी, नारनौल के मंडल अध्यक्ष टेकचंद यादव ने प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार और होम नर्सिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया। मंगलवार को विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट सेन्टर के निदेशक डॉ. विकास गर्ग के सहयोग से रक्षा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर विशेषज्ञ वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. दिनेश चहल ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित सभी शिक्षकों, अधिकारियों, शिक्षेणतर कर्मचारियों, विशेषज्ञों, विद्यार्थियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
रोहतक -महेन्द्रगढ़
17 Nov 2021

काड बदलकर भाग रहा था।

# रक्षा क्षेत्र में रोजगार व देश सेवा का अवसर भी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विवि में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस शिविर के छठे दिन प्रतिभागियों को रक्षा के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से अवगत करवाया गया। विशेषज्ञ वक्ता के रूप में एनसीसी तीन पंजाब एयर दस्ते के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन राजेश शर्मा व एनसीसी दो पीवी गुड्डा भटिंडा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डीवी नेहरा उपस्थित रहे।

# हकेंवि में एम.टैक. पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग आज

महेंद्रगढ़, 15 नवम्बर (परमजीत,मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए.आई.सी.टी.ई.) द्वारा मान्यता प्राप्त एम.टैक पाठ्यक्रमों में सत्र 2021-22 में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 16 नवम्बर को ओपन काउंसलिंग आयोजित की जा रही है।

विश्वविद्यालय में इन पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु बी.टैक अथवा बी.ई. की डिग्री प्राप्त आवेदक प्रतिभागिता कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में एम.टैक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, एनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमैंट व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के 2 वर्षीय पाठ्यक्रम अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेश दुबे ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021-22 से शुरू हो रहे एम.टैक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, एनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमैंट व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है। इन पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काउंसलिंग आयोजित की जा रही है।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रक्तदान कैंप में 75 यूनिट रक्त एकत्र

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी नारनौल व जेआरपी ब्लड बैंक के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने किया। इस मौके पर प्रो. सारिका शर्मा ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का संदेश पढ़ते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हम सभी को इसके लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। रक्तदान किसी का जीवन बचाने में मददगार साबित हो सकता है इसलिए, स्वस्थ लोगों को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। प्रो. सारिका शर्मा ने इस मौके पर उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर शिविर के आयोजन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



**महेंद्रगढ़।** रक्तदान शिविर का उद्घाटन करती हुई सारिका शर्मा।

# हकेंवि में एमटेक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग आज

संस, **महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त एमटेक पाठ्यक्रमों में सत्र 2021-22 में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए आज मंगलवार 16 नवंबर को ओपन काउंसलिंग आयोजित की जा रही है। विवि में इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए बीटेक अथवा बीई की डिग्री प्राप्त आवेदक प्रतिभागिता कर सकते हैं। विवि में एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, एनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमेंट व कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के दो वर्षीय पाठ्यक्रम अध्ययन के लिए उपलब्ध है। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डा. राजेश ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021-22 से शुरू हो रहे एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, एनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमेंट व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है। पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए काउंसलिंग आयोजित की जा रही है।पाठ्यक्रमों में विभिन्न श्रेणियों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 16 को काउंसलिंग की जा रही है।

## हकेंवि में लगा रक्तदान शिविर



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते रजिस्ट्रार व अन्य प्रोफेसर।

**महेंद्रगढ़** | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) की राष्ट्रीय सेवा योजना व यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी नारनौल व जेआरपी ब्लड बैंक विजय हॉस्पिटल नारनौल के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने किया। प्रो. सारिका शर्मा ने इस मौके पर उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर शिविर के आयोजन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

पंजाब केसरी
SAT,13 NOVEMBER 2021
EDITION: REWARI KESARI, PAGE N

# हकेविवि में एमटेक में काउंसिलिंग आज

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त एमटेक पाठ्यक्रमों में सत्र 2021-22 में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 16 नवंबर को ओपन काउंसिलिंग होगी।

विवि में इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए बीटेक अथवा बी.ई. की डिग्री प्राप्त भाग ले सकते हैं। विवि में एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, एनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमेंट, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के दो वर्षीय पाठ्यक्रम उपलब्ध है।

विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेश दुबे ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021-22 से शुरू हो रहे एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, एनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमेंट, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है।

इन पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काउंसिलिंग आयोजित की जा रही है। डॉ. दुबे ने बताया कि तीनों ही पाठ्यक्रमों में विभिन्न श्रेणियों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 16 नवंबर को ओपन काउंसिलिंग की जा रही है। संवाद

# हकेंवि में एंबेडेड सिस्टम पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय वैबिनार आयोजित

महेंद्रगढ़, 12 नवम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एंबेडेड सिस्टम पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय वैबिनार का आयोजन किया गया। इस वैबिनार में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में क्रेंस वर्सिटी के अधिकारी रामप्रसाद एस.एस. विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से आयोजकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि अवश्य ही इस विषय के ज्ञान से प्रतिभागियों को लाभ मिलेगा। कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी डा. राकेश कुमार ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात वैबिनार के संयोजक डा. सूरज आर्य ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की और प्रतिभागियों के समक्ष विशेषज्ञ वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

विशेष वक्ता रामप्रसाद एस.एस. ने अपने संबोधन में एंबेडेड सिस्टम क्या है, इसके अनुप्रयोग, संरचना, भविष्य में सिस्टम से उपलब्ध होने वाली रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एंबेडेड सिस्टम एक समर्पित कम्प्यूटर सिस्टम है जिसे सिर्फ एक विशिष्ट कार्य को करने के लिए डिजाइन किया गया होता है। वैबिनार में फिलीपींस, अमरीका, पाकिस्तान, सोमालिया, भूटान, श्रीलंका, जाम्बिया, ओमान, अफगानिस्तान, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, नाइजीरिया, म्यांमार, कम्बोडिया, वियतनाम से प्रतिभागी शामिल हुए। इस आयोजन हेतु 698 पंजीकरण प्राप्त हुए।

कार्यक्रम के अंत में संयोजक डा. सूरज आर्य ने डा. विनोद कुमार, डा. राकेश मार व विशेषज्ञ वक्ता रामप्रसाद एस.एस. का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से अवश्य ही विद्यार्थियों को व्यावहारिक क्षेत्र में हो रहे बदलावों को जानने-समझने का अवसर मिलता है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे।

हरिभूमि
रोहतक -महेन्द्रगढ़
13 Nov 2021

# हकेंवि में केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से एंबेडेड सिस्टम पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में क्रेंस वर्सिटी के अधिकारी रामप्रसाद एसएस विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

# हकेंवि में पीएच.डी. में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

## 19 दिसम्बर को होगी प्रवेश परीक्षा



प्रो. टंकेश्वर कुमार।

महेंद्रगढ़, 10 नवम्बर (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में उपलब्ध स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बाद अब पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। 25 विभागों में उपलब्ध 166 सीटों के लिए आयोजित यह आवेदन प्रक्रिया आगामी 29 नवम्बर तक चलेगी, जिसके आधार पर 19 दिसम्बर 2021 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध 8 पीठों के 25 विभागों में 166 सीटों के लिए शुरू इस आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदक दाखिला हेतु आवेदन कर सकते हैं।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध व अनुसंधान के मोर्चे पर निरंतर प्रगति कर रहा है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों व लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। आवेदक विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया व विभिन्न विभागों में उपलब्ध सीटों व योग्यता से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वैबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा बुधवार को आरम्भ की गई ऑनलाइन प्रक्रिया के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता व अधिकारी उपस्थित रहे।

# हकेंवि में पीएचडी में दाखिले को आवेदन शुरू



प्रो. टंकेश्वर कुमार

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में उपलब्ध स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बाद अब पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। 25 विभागों में उपलब्ध 166 सीटों के लिए आयोजित यह आवेदन प्रक्रिया आगामी 29 नवंबर तक चलेगी, जिसके आधार पर 19 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध आठ पीठों के 25 विभागों में 166 सीटों के लिए शुरू इस आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदक दाखिला हेतु आवेदन कर सकते हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध और अनुसंधान के मोर्चे पर निरंतर प्रगति कर रहा है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों व लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। कुलपति ने आवेदन के इच्छुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया व विभिन्न विभागों में उपलब्ध सीटों व योग्यता से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। आयोजित कार्यक्रम में शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा समेत विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता और अधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर नारनौल 11-11-2021

# रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग 16 को

भास्कर न्यूज | राजधानी हरियाणा

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त एमटेक पाठ्यक्रमों में सत्र 2021-22 में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 16 नवंबर को ओपन काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय में इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए बीटेक अथवा बीई की डिग्री प्राप्त आवेदक प्रतिभागिता कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, एनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमेंट व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के दो वर्षीय पाठ्यक्रम अध्ययन के लिए उपलब्ध है। विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021-22 से शुरू हो रहे एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, एनर्जी सिस्टम एंड मैनेजमेंट व कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है।

# हकेवि में पीएचडी में दाखिले हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू

- कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की शुरूआत
- 29 नवम्बर तक होगी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, प्रवेश परीक्षा 19 दिसम्बर को

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में उपलब्ध स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बाद अब पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। 25 विभागों में उपलब्ध 166 सीटों के लिए आयोजित यह आवेदन प्रक्रिया आगामी 29 नवम्बर तक चलेगी, जिसके आधार पर 19 दिसम्बर 2021 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

### प्रक्रिया के माध्यम से आवेदक दाखिला हेतु आवेदन कर सकते हैं

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध 8 पीठों के 25 विभागों में 166 सीटों के लिए शुरू इस आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदक दाखिला हेतु आवेदन कर सकते हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध व अनुसंधान के मोर्चे पर निरन्तर प्रगति कर रहा है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों व लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। कुलपति ने आवेदन के इच्छुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय द्वारा शुरू यह ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 नवम्बर तक जारी रहेगी।

### विश्वविद्यालय के लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं

आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया व विभिन्न विभागों में उपलब्ध सीटों व योग्यता से संबंधित जानकारी विवि की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा बुधवार को आरम्भ की गई ऑनलाइन प्रक्रिया के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता व अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएचडी की 166 सीटों के लिए आवेदन शुरू

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बाद अब पी ए च डी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। 25 विभागों में उपलब्ध 166 सीटों के लिए यह प्रक्रिया 29 नवंबर तक चलेगी। 19 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।



**कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार**

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध 8 पीठों के 25 विभागों की 166 सीटों के लिए शुरू दाखिला के लिए आवेदन कर सकते हैं। दाखिले की प्रक्रिया, विभिन्न विभागों में उपलब्ध सीटों, योग्यता से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। बुधवार को आरंभ की गई ऑनलाइन प्रक्रिया के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, कुल सचिव प्रो. सारिका शर्मा, पीठों के अधिष्ठाता और अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

# ह.कें.वि. के शिक्षक को मिला आई.बी.आर.ओ. से यात्रा अनुदान



*डा. अशोक जांगड़ा।*

महेंद्रगढ़, 9 नवम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के फार्मास्यूटिकल विभाग के सहायक आचार्य डा. अशोक जांगड़ा इंटरनैशनल ब्रेन रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन आई.बी.आर.ओ. द्वारा प्रदान की जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय यात्रा अनुदान के लिए चयनित हुए हैं। विश्व के 15 युवा वैज्ञानिकों को मिलने वाले इस अनुदान के अंतर्गत उन्हें आगामी 3 से 7 अप्रैल, 2022 तक आस्ट्रिया में आयोजित होने वाली इंटरनैशनल विंटर न्यूरोसाइंसिज कॉन्फ्रैंस में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संकाय सदस्य डा. अशोक जांगड़ा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि इस अनुदान के माध्यम से फार्मास्यूटिकल रिसर्च और दवाओं से संबंधित शोध व अध्यापन के क्षेत्र में उन्हें लाभ प्राप्त होगा। फार्मास्यूटिकल विभाग के विभागाध्यक्ष डा. दिनेश कुमार ने बताया कि आई.बी.आर.ओ., पैरिस स्थित संस्था वर्ष 1961 से युवा वैज्ञानिकों व शोधार्थियों को न्यूरोसाइंसिज के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु प्रशिक्षित व प्रोत्साहित कर रही है।

विभागीय शिक्षक की यह उपलब्धि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर विश्वविद्यालय की उपस्थिति स्थापित करती है और इससे अन्य शिक्षकों व शोधार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। डा. जांगड़ा ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसिज की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान व विभागाध्यक्ष डा. दिनेश कुमार का उनके निरंतर मिल रहे सहयोग एवं प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया।

# हकेंवि के शिक्षक को मिला आइबीआरओ से अनुदान

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के फार्मासुटिकल विभाग के सहायक आचार्य, डा. अशोक जांगड़ा इंटरनेशनल ब्रेन रिसर्च आर्गनाइजेशन आइबीआरओ द्वारा प्रदान की जाने वाली अंतरराष्ट्रीय यात्रा अनुदान के लिए चयनित हुए हैं।


डा. अशोक जांगड़ा

विश्व के 15 युवा वैज्ञानिकों को मिलने वाले इस अनुदान के अंतर्गत उन्हें आगामी 3 से 7 अप्रैल, 2022 तक आस्ट्रिया में आयोजित होने वाली इंटरनेशनल विंटर न्यूरोसाइंसेज कांफ्रेंस में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संकाय सदस्य डा. अशोक जांगड़ा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि इस अनुदान के माध्यम फार्मासुटिकल रिसर्च और दवाओं से संबंधित शोध व अध्यापन के क्षेत्र में उन्हें लाभ प्राप्त होगा। फार्मासुटिकल विभाग के विभागाध्यक्ष डा. दिनेश कुमार ने बताया कि आइबीआरओ, पेरिस स्थित संस्था वर्ष 1961 से युवा वैज्ञानिकों व शोधार्थियों को न्यूरोसाइंसेज के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रशिक्षित व प्रोत्साहित कर रही है।

उन्होंने बताया कि डा. अशोक जांगड़ा को प्राप्त इस अनुदान के अंतर्गत प्राप्त राशि के माध्यम से उन्हें आगामी अप्रैल में आयोजित होने वाली कांफ्रेंस में प्रतिभागिता का अवसर प्राप्त होगा। डा. दिनेश कुमार ने कहा कि विभागीय शिक्षक की यह उपलब्धि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर विश्वविद्यालय की उपस्थिति स्थापित करती है और इससे अन्य शिक्षकों व शोधार्थियों को भी प्रेरण मिलेगी। डा. जांगड़ा ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, स्कूल आफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान व विभागाध्यक्ष डा. दिनेश कुमार का उनके निरंतर मिल रहे सहयोग व प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया।

# हकेंवि के शिक्षक को मिला आईबीआरओ से यात्रा अनुदान

**भास्कर न्यूज** | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ के फार्मास्युटिकल विभाग के सहायक आचार्य, डॉ. अशोक जांगड़ा आईबीआरओ द्वारा प्रदान की जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय यात्रा अनुदान के लिए चयनित हुए हैं। विश्व के 15 युवा वैज्ञानिकों को मिलने वाले इस अनुदान के अंतर्गत उन्हें 3 से 7 अप्रैल, 2022 तक आस्ट्रिया में आयोजित होने वाली इंटरनेशनल विंटर न्यूरोसाइंसेज कांफ्रेंस में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।



अशोक जांगिड़।

विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संकाय सदस्य डॉ. अशोक जांगड़ा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि इस अनुदान के माध्यम फार्मास्युटिकल रिसर्च और दवाओं से संबंधित शोध व अध्यापन के क्षेत्र में उन्हें लाभ प्राप्तहोगा। फार्मासुटिकल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि आईबीआरओ, पेरिस स्थित संस्था वर्ष 1961 से युवा वैज्ञानिकों व शोधार्थियों को न्यूरोसाइंसेज के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु प्रशिक्षित व प्रोत्साहित कर रही है।

### कॉन्फ्रेंस में प्रतिभागिता का अवसर प्राप्त होगा

डॉ. अशोक जांगड़ा को प्राप्त इस अनुदान के अंतर्गत प्राप्त राशि के माध्यम से उन्हें आगामी अप्रैल में आयोजित होने वाली कांफ्रेंस में प्रतिभागिता का अवसर प्राप्त होगा। डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि विभागीय शिक्षक की यह उपलब्धि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर विवि की उपस्थिति स्थापित करती है। डॉ. जांगड़ा ने इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान व विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश का उनके निरंतर मिल रहे सहयोग व प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया।

# हकेंवि में एडीसीजीसी को मिली भारतीय पुनर्वास परिषद् की मंजूरी

**महेन्द्रगढ़,** प्रवीण कुमार ( पंजाब केसरी ) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ का मनोविज्ञान विभाग अब एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग (एडीसीजीसी) का कोर्स भी करायेगा। विश्वविद्यालय की मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अंतर्गत आने वाले मनोविज्ञान विभाग को रिहैब्लिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (आरसीआई), नई दिल्ली ने एडीसीजीसी पाठ्यक्रम चलाने की मंजूरी दे दी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मनोविज्ञान विभाग में इस नए पाठ्यक्रम की शुरूआत को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि इसके माध्यम से गाइडेंस एंड काउंसलिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त प्रोफेशनल्स तैयार करने में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय कुलपति ने बताया कि आरसीआई, नई दिल्ली की ओर से मंजूर यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को काउंसलिंग एंड गाइडेंस के क्षेत्र में हो रहे बदलावों से अवगत कराया जाएगा और उन्हें भविष्य के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वी.एन यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय में यह पाठ्यक्रम सत्र 2021-22 से 2025-26 तक के लिए स्वीकृत किया गया है। इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम में 25 विद्यार्थियों को दाखिला मिलेगा। इसके लिए निर्धारित योग्यता व दाखिला कार्यक्रम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। डॉ. वी.एन. यादव ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा का आभार व्यक्त किया और विभाग के शिक्षकों डॉ. पायल चंदेल, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. विष्णु नारायण कुचेरिया, डॉ. रवि पाण्डेय व डॉ. रितु शर्मा के योगदान की भी सराहना की।

# हकेंवि में एडीसीजीसी को मिली परिषद् की मंजूरी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का मनोविज्ञान विभाग अब एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग एडीसीजीसी का कोर्स भी कराएगा। विवि की मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अंतर्गत आने वाले मनोविज्ञान विभाग को रिहैब्लिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया आरसीआई, नई दिल्ली ने एडीसीजीसी पाठ्यक्रम चलाने की मंजूरी दे दी है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मनोविज्ञान विभाग में इस नए पाठ्यक्रम की शुरूआत को महत्त्वपूर्ण बताया।

# हकेंवि में दाखिले के लिए आज जारी होगी पहली सूची

महेंद्रगढ़, 1 नवम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत 2 नवम्बर को केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सी.यू.-सी.ई.टी.) 2021 के नतीजों के आधार पर निर्धारित पहली दाखिला सूची जारी होगी। विश्वविद्यालय विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत इस दाखिला सूची के आधार पर आगामी 7 नवम्बर तक पहले चरण के दाखिले करेगा, जिसके पश्चात रिक्त सीटों की जानकारी 8 नवम्बर को जारी होगी।

यहां बता दें कि विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों में उपलब्ध 1670 सीटों पर दाखिले के लिए शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) द्वारा प्रवेश परीक्षा सी.यू.- सी.ई.टी. का आयोजन किया गया था, जिसके नतीजों के आधार पर 26 से 31 अक्तूबर तक चली पंजीकरण प्रक्रिया के बाद अब मैरिट लिस्ट के आधार पर दाखिले शुरू हो रहे हैं।

विश्वविद्यालय के सी.यू.-सी.ई.टी. के नोडल ऑफिसर डॉ. फूल सिंह ने बताया कि मैरिट लिस्ट के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत 7 नवम्बर तक दाखिला शुल्क ऑनलाइन जमा कराया जा सकता है। इस प्रक्रिया के पश्चात रिक्त सीटों की सूचना 8 नवम्बर को जारी होगी और आवश्यकता अनुरूप 9 नवम्बर से द्वितीय काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। दाखिले के इच्छुक आवेदक विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वैबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

# एकता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया

**महेंद्रगढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में एकता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय में इस अवसर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसे विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट के प्रयासों से यह दौड़ आयोजित हुई। इस मौके पर प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ भी दिलाई। एकता दौड़ के साथ- साथ विश्वविद्यालय में एकता दिवस के अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी कार्यालय के द्वारा स्वतंत्र भारत एट 75 अखंडता के साथ आत्मनिर्भरता विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में 19वें लॉ कमीशन के सदस्य व गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. एम अफजल वाणी, विशिष्ट अतिथि के रूप में नेफेड के निदेशक अशोक ठाकुर व रिसोर्स पर्सन के रूप में इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली के प्रो. सुरेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# बच्चों को एकता की शपथ दिलाई



हकेवि में प्रतिभागियों को एकता की शपथ दिलाती हुई प्रो. सुनीता श्रीवास्तव • जागरण

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में एकता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय में इस अवसर पर रन फार यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। जिसे विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कार्यशाला में 19वें ला कमीशन के सदस्य व गुरू गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. एम अफजल वाणी, विशिष्ट अतिथि के रूप में नेफेड के निदेशक अशोक ठाकुर व रिसोर्स पर्सन के रूप में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पालिक एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली के प्रो. सुरेश मिश्रा उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. राजेश मलिक ने कार्यशाला के विषय पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन में संयोजक प्रो. राजबीर दलाल, डा. मोनिका मलिक सहित प्रोग्राम संयोजक डा. कुलवंत मलिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक भारत श्रेष्ठ भारत के नोडल आफिसर डा. रमेश कुमार ने प्रतिभागियों को एकता दिवस के विषय में बताया। एकता दौड़ में विधि विभाग के अधिष्ठाता प्रो. राजेश कुमार मलिक, डा. धर्मपाल पुनिया, डा. विनोद कुमार, डा. सुनील कुमार, एनएसएस संयोजक डा. दिनेश चहल, डा. पायल चंदेल, डा. जयप्रकाश, डा. शरण व एक भारत श्रेष्ठ भारत और एनएसएस यूनिट के प्रतिभागी मौजूद रहे।

# गौड़ ब्राह्मण सभा में मनाया जाएगा गीता महोत्सव

## हंकेवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर होंगे मुख्यातिथि

नारनौल, 29 नवम्बर (विजय कौशिक): आगामी 12 दिसम्बर को गौड़ ब्राह्मण सभा नारनौल में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में आयोजित गीता महोत्सव कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। उक्त आशय की जानकारी संयुक्त भारतीय धर्म संसद हरियाणा द्वितीय के प्रांतीय अध्यक्ष व गौड़ ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष राकेश मेहता एडवोकेट ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार से मुलाकात के बाद दी। मेहता ने बताया कि इस संगठन का गठन उज्जैन के महाकुंभ में महर्षि सांदीपनि आश्रम प्रांगण में 21 मई 2016 को विभिन्न क्षेत्रों से पधारे संत जन, महंतों व विभिन्न समाजों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ था।

इस संगठन की स्थापना देश में धार्मिक व सामाजिक तथा सांस्कृतिक मूल्यों से धीरे-धीरे दूर हो जा होती जा रही नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय धर्म व संप्रदाय जैसे हिंदू, जैन, बौद्ध व सिख आदि के मध्य सामाजिक समरसता को बढ़ाना और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के प्रयास करना है। इसी प्रयास की कड़ी में भगवान श्री कृष्ण द्वारा उपचारित किए गए उपदेश जो गीता जैसे महान ग्रंथ के रूप में संकलित हैं आज भी अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं। भगवान श्री कृष्ण के इन उपदेशों से परिचित कराने के लिए गौड़ ब्राह्मण सभा में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



प्रो. टंकेश्वर कुमार से कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श करते सभा के प्रधान राकेश महता।

# जीवन अनमोल, यातायात नियमों का करें पालन : प्रो. टंकेश्वर कुमार

■ सड़क सुरक्षा पर केंद्रित वेबिनार आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को सड़क सुरक्षा पर केंद्रित वेबिनार का आयोजन किया गया।

सिविल इंजीनियरिंग, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल व राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के संयुक्त प्रयासों से आयोजित रांग साइड ऑफ द रोड विषय पर केंद्रित इस वेबिनार को आईबीएम स्किल बिल्ड, सीएसआरबीओएक्स के मनोविराज सिंह व एंगेजमेंट एंड पार्टनरशिप एसोसिएट निशा सिंह ने विशेषज्ञ के रूप में हिस्सा लिया। विश्वविद्याय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की महत्ता से अवगत कराते हुए कहा कि मानव जीवन अनमोल है और यातायात नियमों का पालन कर इसकी सुरक्षा निश्चित की जा सकती है। संयोजक डा. विकास गर्ग ने आयोजन में सहभागिता व सहयोग हेतु सहसंयोजक डा. जितेंद्र, डा. दिनेश चहल व डा. अभिषेक जिंदल का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने इस आयोजन में विद्यार्थियों के स्तर पर कार्यरत विद्यार्थी सह-समन्वयक- शिवम ठाकुर व कुश सिन्हा के प्रयासों की भी सराहना की।

# जीवन अनमोल, यातायात नियमों का पालन अवश्य करें : कुलपति

**महेंद्रगढ़** | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को सड़क सुरक्षा पर केंद्रित वेबिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की सिविल इंजीनियरिंग, ट्रेंनिग एंड प्लेसमेंट सेल व राष्ट्रीय सेवा योजना  इकाई के संयुक्त प्रयासों से आयोजित रांग साइड ऑफ द रोड़ विषय पर केंद्रित इस वेबिनार को आईबीएम (स्किल बिल्ड), सीएसआरबीओएक्स के मनोविराज सिंह व एंगेजमेंट एंड पार्टनरशिप एसोसिएट निशा सिंह ने विशेषज्ञ के रूप में हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सभी के लिए यातायात नियमों को अनिवार्य बताया और कहा कि इनकी अनुपालना हर किसी के लिए आवश्यक है। यह केवल आपको सरकार द्वारा निर्धारित दंड से ही नहीं बचाते बल्कि आपकी जान की सुरक्षा भी करते हैं।

विशेषज्ञ वक्ता मनोविराज सिंह व निशा सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी हानिकारक साबित हो सकती है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विकास गर्ग ने आयोजन में सहभागिता व सहयोग हेतु सह-संयोजक डॉ. जितेंद्र, डॉ. दिनेश चहल व डॉ. अभिषेक जिंदल का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में विद्यार्थियों के स्तर पर कार्यरत विद्यार्थी सह-समन्वयक- शिवम ठाकुर व कुश सिन्हा के प्रयासों की भी सराहना की। एनएसएस इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल ने धन्यवाद किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।